दिन–सोमवार दिनांक– 24 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो गया है। नवनिर्वाचित सांसदों को सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलायी जा रही है। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सबसे पहले लोकसभा के नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलायी। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्ष को पैनल की शपथ दिलाई गई। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने चेयरपर्सन पैनल के सदस्य के रूप में शपथ ली। हालांकि, कांग्रेस सांसद के सुरेश, डीएमके सांसद टी. आर. बालू और टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय ने पैनल के सदस्यों के रूप में शपथ नहीं ली। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। इस समय भी लोकसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ और प्रतिज्ञान की प्रक्रिया चल रही है। सभी सांसद अपने–अपने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के नामों के क्रम में शपथ ग्रहण कर रहे हैं। नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया कल तक चलेगी। जबकी बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। गुरूवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दानों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करेंगी। संसद का मौजूदा सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। उपचुनाव के लिए कुल तेरह उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। प्रत्याशी छब्बीस जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान दस जुलाई को होगा और मतों की गिनती तेरह जुलाई को की जाएगी। नामांकन भरने वालों में राजद से बीमा भारती, जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल और निर्दलीय शंकर सिंह प्रमुख हैं।

———————————————————————————————

राष्ट्रीय पात्रता सह–प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी के पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने पहली प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही तेजी से जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मामले की जांच के लिए ब्यूरो की विशेष टीम आज पटना पहुंची है। टीम के सदस्य आर्थिक अपराध इकाई की टीम के साथ समन्वय बना कर पेपर लीक मामले से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर जांच कर रहे है। सीबीआई की एक अन्य टीम गुजरात के गोधरा भी गई है। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि इस परीक्षा के आयोजन के दौरान कुछ राज्यों में अलग–अलग घटनाएं हुईं हैं।।

———————————————————————————————

राज्य के छब्बीस हजार पुलिस अधिकारियों को तीन नयें कानूनों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। बिहार पुलिस अकादमी के निदेशक भृगु श्रीनिवासन ने आज पटना में एक कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को नये कानूनों से सम्बन्धित विभिन्न सवालों का जवाब दिया गया है। श्री श्रीनिवासन ने विश्वास जताया कि एक जुलाई से लागू हो रहे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस, भारतीय नागरिक संहिता बीएनएस और भारतीय साक्ष्य संहिता बीएसएस के तहत कार्रवाई में किसी तरह की मुश्किल नहीं होगी।

———————————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर विकसित किए जाने चाहिए। श्री आर्लेकर आज मुजफ्फरपुर के ललित नारायण मिश्र कॉलेज ऑफ विजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री आर्लेकर ने कहा कि शिक्षा व्यावहारिक और मूल्यपरक होनी चाहिए।

———————————————————————————————

राज्य में मॉनसून की सक्रियता बढ़ रही है। कल तक रक्सौल और आस–पास के क्षेत्रों में रूका मॉनसूनी सिस्टम उत्तर बिहार के अधिकांश भागों के साथ ही दक्षिण–पूर्व भाग में भी आगे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने कहा है कि कल के बाद राज्य के अधिकतर जिलों में मॉनसूनी वर्षा की परिस्थितियां बनेगी। इधर, राजधानी पटना और आप–पास के क्षेत्रों में उमस भड़ी गर्मी से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बक्सर और वैशाली में सबसे अधिक गर्मी दर्ज की गई। इन दोनों स्थानों पर अधिकतम तापमान एकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबीजगंज थाना क्षेत्र मे पुलिस ने छापेमारी कर विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

बेगूसराय के अलग–अगल थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग एक सौ पन्द्रह लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समाप्त